**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

## मंत्रिमंडल के लिए फरवरी 2021 के माह का मासिक सार

**I. वित्तीय उपलब्धियां / जारी राशि :**

योजना आवंटन का 67.55%, 28 फरवरी, 2021 तक जारी कर दिया गया था।

**II. महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और कार्यकलाप/ पहल:**

**1. नीति संबंधी विचार-विमर्श/ बैठकें:**

| **महत्वपूर्ण मुद्दे / घटनाक्रम** | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **विषय** | **सार** |
| 1 | **बजट घोषणा** (2021-22) | माननीय वित्त मंत्री ने अपने बजट अभिभाषण 2021-22 में स्कूल शिक्षा क्षेत्र के संबंध में निम्नानुसार घोषणा की थी:<br>i. 15000 से अधिक स्कूलों का उदाहरणपरक स्कूलों के रूप में सुदृढ़ीकरण,<br>ii. शिक्षकों के विकास के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक तैयार करना,<br>iii. स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर खिलौना-आधारित अधिगम शिक्षण शास्त्र का विकास,<br>iv. राष्ट्रीय डिजिटल शैक्षिक वास्तुकला की स्थापना<br>v. भारतीय संकेत भाषा का मानकीकरण और बधिर बच्चों के लिए पाठ्यचर्या तैयार करना<br>vi. स्कूल के शिक्षकों और प्रशिक्षकों को सलाह,<br>vii. समग्र प्रगति कार्ड तैयार करना,<br>viii. प्रौढ़ शिक्षा के लिए व्यापक ऑनलाइन मॉड्यूल का विकास,<br>ix. 2021-22 में स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय पहल (निष्ठा) के माध्यम से 56 लाख शिक्षकों का प्रशिक्षण<br>x. सीबीएसई बोर्ड परीक्षा सुधार<br><br>बजट घोषणाओं के बाद, इनमें से प्रत्येक घोषणा के लिए एक कार्यान्वयन कार्यनीति तैयार की गई थी। कार्यान्वयन कार्यनीति में अन्य बातों के साथ-साथ लक्ष्य और उद्देश्य, लक्षित लाभार्थियों की |

| | | |
|---|---|---|
| | | पहचान करने के तरीके, कार्यान्वयन के लिए समय सीमाएं, बजट अपेक्षाएँ, अन्य मंत्रालयों/ विभागों के कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने के संभावित तरीके, जोखिम मूल्यांकन और इसके उपाय, प्रदर्शन संकेतकों के साथ अपेक्षित परिणाम आदि शामिल हैं 3 और 4 मार्च 2021 को वेबिनार के माध्यम से प्रख्यात शिक्षाविदों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद कार्यान्वयन कार्यनीति को अंतिम रूप दिया गया। |
| 2 | **प्रौढ़ शिक्षा योजना** | वित्तीय वर्ष 2021-2026 के लिए "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" के नाम के साथ प्रौढ़ शिक्षा की नई योजना के लिए, ईएफसी नोट और अवधारणा नोट तैयार किए गए हैं। |
| 3 | **समग्र शिक्षा** | यह विभाग समग्र शिक्षा की मौजूदा योजना को एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप तैयार कर रहा है। समग्र शिक्षा ईएफ़सी को विभिन्न मंत्रालयों / विभागों की प्रतिक्रिया / सुझावों के लिए परिचालित किया गया था। प्राप्त सुझावों को शामिल किया गया है और शिक्षा मंत्री के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया है। |
| 4 | **एनईपी 2020** | शिक्षा क्षेत्र में निजी और परोपकारी गतिविधि को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए दिशानिर्देश विकसित करने हेतु श्री मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सीबीएसई की अध्यक्षता में दिनांक 01.02.2021 को समिति की पहली बैठक आयोजित की गई थी<br>मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन के संबंध में प्रथम के साथ बैठक और मातृभाषा के संबंध में सचिव (एसई एंड एल) की अध्यक्षता में दिनांक 23.02.2021 को बैठक आयोजित की गई<br>दिनांक 25.02.2021 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की कार्यान्वयन योजना के बारे में भारत सरकार के मंत्रालयों / विभाग के नामित प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। |

| **महत्वपूर्ण बैठकें** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्रम संख्या** | **तारीख** | **अध्यक्ष** | **उपस्थित सदस्य** | **मुद्दा** |
| 1 | 04.02.2021 | सचिव (एसई एंड एल) | आयुक्त, केवीएस | केवीएस के सभी लंबित भवनों की समीक्षा के संबंध में वीसी |
| 2 | 09.02.2021 | सचिव (एसई | श्री मनीष गर्ग, | ओईसीडी ऑन पीसा पर, श्री एंड्रियास |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | एंड एल ) | जेएस (एसएस-II) | श्लेचर के साथ बैठक |
| 3 | 12.02.2021 | सचिव (एसई एंड एल) | आयुक्त, केवीएस | परीक्षा पे चर्चा और भारत खेल मेला 2021 पर बैठक |
| 4 | 17.02.2021 | सचिव (एचई) | श्री मनीष गर्ग, जेएस (एसएस-II) | शिक्षा क्षेत्र के लिए बजट 2021-22 घोषणाओं के कार्यान्वयन के संबंध में 03.03.2021 को निर्धारित वेबिनार से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए बैठक |
| 5 | 18.02.2021 | मंत्रिमंडल सचिव | सचिव (एसई एंड एल) | बजट घोषणा 2021-22 के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए बैठक |
| 6 | 19.02.2021 | डॉ. विनय पी. सहस्राबुदधे, अध्यक्ष पीएससी | सचिव (एसई एंड एल), संयुक्त सचिव और इस विभाग के स्वयात निकायों के प्रमुख | 2021-22 के लिए अनुदान मांगों पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक |
| 7 | 21.02.2021 | माननीय शिक्षा मंत्री | आयुक्त, केवीएस | मातृभाषा दिवस का उद्घाटन समारोह |
| 8 | 25.02.2021 | माननीय शिक्षा मंत्री | आयुक्त, केवीएस | एनवीएस की कार्यकारी समिति की बैठक की 40 वीं बैठक |
| 9 | 26.02.2021 | माननीय वित्त मंत्री | सचिव (एसई एंड एल) | आगे की अवसंरचना योजना के लिए बजट के बाद कार्रवाई मदों पर चर्चा करने के लिए बैठक |

**2. स्वायत्त निकायों के कार्यकलाप :**

| **संगठन** | **कार्यकलाप** |
|---|---|
| **केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस)** | • केवी के 36654 प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने दीक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्राप्त किया<br>• 2 और 3 फरवरी, 2021 को राष्ट्र स्तरीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया<br>• केन्द्रीय विद्यालय के 26782 छात्रों ने होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा आयोजित केवीएस-आईओक्यूएम में भाग लिया। आठवीं कक्षा के 39 छात्रों, 12 वीं कक्षा के 06 छात्रों और कक्षा आठवीं-ग्यारहवीं की 05 छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) में भाग लेने के लिए चुना गया है, जो 7 |

| | |
|---|---|
| | मार्च, 2021 के लिए निर्धारित किया गया है<br>• केंद्रीय विद्यालय के 440 छात्रों को इन्सपायर मानक पुरस्कारों में भाग लेने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया था जो वर्चुअल मोड के माध्यम से 8 और 9 फरवरी, 2021 को आयोजित किया गया था। |
| नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) | • पश्चिम बंगाल के मालदा जिले और अरुणाचल प्रदेश राज्य के तिरप जिले में जेएनवी खोलने की अधिसूचना जारी की गई है।<br>• बोर्ड की कक्षा के छात्रों के लिए माता-पिता से सहमति प्राप्त करने के बाद और कोविड -19 की रोकथाम के लिए सभी उपायों का पालन करते हुए एसओपी के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालयों को कक्षा **X & XII** के छात्रों के लिए **8** फरवरी, **2021** से दोबारा खोला गया। शेष कक्षाओं के लिए ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखी जा रही हैं।<br>• एनवीएस ने एनआईईपीए के साथ मिलकर **22** से **27** फरवरी, **2021** तक (**24.02.2021** को छोड़कर) शिक्षण शास्त्र नेतृत्व के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में प्रधानाचार्यों को तैयार करने के लिए पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल का आयोजन किया।<br>• प्रधानाचार्यों और उप-प्रधानाचार्यों सहित एनवीएस के 7427 शिक्षकों ने दीक्षा कार्यक्रम पर निष्ठा के लिए पंजीकरण किया, जिनमें से **7251 (97.64%)** प्रतिभागियों ने निष्ठा कार्यक्रम के सभी **18** पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।<br>• **94** टीजीटी (कन्नड़) और **69** टीजीटी (तेलुगु) ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित में एनवीएस के क्षेत्रीय भाषा शिक्षकों के लिए शिक्षण, परीक्षण और मूल्यांकन पर छह दिवसीय ऑनलाइन पाठ्यक्रम में भाग लिया<br>• टॉयकाथॉन के माध्यम से राष्ट्रीय खिलौना मेले के लिए **05** छात्रों का चयन किया। **03** छात्रों का चयन किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय खिलौना मेले में भाग लिया।<br>• **589** जेएनवी में ई-ग्रंथालय की स्थापना का कार्य पूरा किया गया |
| **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)** | • 14 फरवरी 2021 को पूरे देश में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई) स्टेज II परीक्षा आयोजित की गई थी।<br>• एनईआरआईई, उमियम द्वारा 8 फरवरी 2021 से पूर्वोत्तर राज्यों के शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए प्रारंभिक स्तर पर समावेशी कक्षा-कक्ष में शिक्षण विषयों में आईसीटी का उपयोग करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।<br>• एनईआरआईई, उमियम, शिलांग द्वारा 22 से 26 फरवरी 2021 तक सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए प्राथमिक स्तर पर पाठ्यपुस्तक विकास पर डाइट और एससीईआरटी संकाय सदस्यों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया<br>• एनसीईआरटी, भारत, फ्लोरिडा सेंटर फॉर रीडिंग रिसर्च एट फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी (एफ़एसयू), यूएसए और कॉलेज ऑफ एजुकेशन, यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट फ्रांसिस (यूएसएफ़), अमेरिका के बीच एक समझौता ज्ञापन पर वर्चुअल मोड के माध्यम से |

| | |
|---|---|
| | हस्ताक्षर किए गए।<br>• एनसीईआरटी, शैक्षिक अनुसंधान और योजना संगठन, आई.आर ईरान के शिक्षा मंत्रालय और ईरान कल्चर हाउस, नई दिल्ली के बीच ईरान और एनसीईआरटी के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए 22 फरवरी 2021 को वर्चुअल मोड में एक बैठक आयोजित की गई थी। |
| **राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई)** | • जैसा कि एनईपी 2020 और बजट घोषणाओं 2021-20 में अधिदेश दिया गया है, एनसीटीई नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग(एनएमएम) के विकास के लिए रणनीति/ कार्य योजना तैयार कर रहा है ।<br>• जैसा कि एनईपी 2020 और बजट घोषणाओं 2021-22 में अधिदेश दिया गया है, एनसीटीई नेशनल प्रोफेशनल स्टैंडर्ड्स फॉर टीचर्स(एनपीएसटी) के विकास के लिए रणनीति/ कार्य योजना तैयार कर रहा है। |
| **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)** | **क. <u>परीक्षाएँ</u>**<br>• निजी अभ्यर्थियों द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म 2021 प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई।<br>• कक्षा X/ XII 2021 के लिए प्रायोगिक परीक्षा/ परियोजना / आंतरिक मूल्यांकन के संचालन के लिए परिपत्र जारी किया गया।<br>• बोर्ड परीक्षा 2021 कक्षा दसवीं और बारहवीं के लिए डेट शीट जारी की गई<br><br>**ख. <u>अकादमिक और प्रशिक्षण</u>**<br>फरवरी 2021 माह के दौरान स्कूलों के लिए निम्नलिखित घोषणाएं / सलाह जारी की गई:<br>• शैक्षणिक नेतृत्व पुस्तिका का लोकार्पण<br>• शिक्षण और अधिगम पर छात्रों के परिप्रेक्ष्य पर सीबीएसई अभिव्यक्ति श्रृंखला 6 फरवरी, 2021 से 28 फरवरी, 2021 तक आयोजित की गई।<br>• मानव-हित की कहानियों पर कथा-वाचन प्रतियोगिता 6 फरवरी से 16 फरवरी, 2021 तक आयोजित की गई।<br>• भारत सरकार ने नीति निर्माताओं, खिलौना निर्माताओं और वितरकों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, एमएसएमई, कारीगरों, स्टार्ट-अप, बच्चों, माता-पिता और शिक्षकों को एक सामान्य मंच पर साथ लाने के लिए एक आभासी मंच पर 27 फरवरी 2021 से 2 मार्च 2021 तक 'द इंडिया टॉय फेयर, 2021' का आयोजन किया।<br>• सीबीएसई रीडिंग चैलेंज 2.0 - केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 16 फरवरी 2021 से 15 मार्च 2021 तक दीक्षा प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के लिए 8 वीं से 10 वीं कक्षा के छात्रों के लिए सीबीएसई रीडिंग चैलेंज 2.0 के आयोजन की घोषणा की है।<br>• सीबीएसई ने दीक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से अनुभवात मक अधिगम और योग्यता आधारित शिक्षा पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू किया। |

| | |
|---|---|
| | **ग. केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट):**<br>• सीबीएसई ने देशभर के 135 शहरों में 31.01.2021 को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) आयोजित की है। सीटेट परीक्षा 2021 का परिणाम 26.02.2021 को घोषित किया गया है। |
| **राष्ट्रीय मुक्त विद्‌यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)** | • एनआईओएस अध्ययन के दौरान शंका निवारण के लिए दो-तरफ़ा संचार के साथ सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए ई-विद्‌या चैनलों के माध्यम से माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर सभी विषयों के लिए शिक्षार्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) का आयोजन कर रहा है।<br>• अंग्रेजी और गृह विज्ञान जैसे विषयों में सांकेतिक भाषा में फरवरी, 2021 में 15 वीडियो रिकॉर्ड किए गए हैं<br>• 6 विषयों में डेज़ी प्रारूप में टॉकिंग बुक्स अर्थात् अंग्रेजी, हिंदी, डाटा एंट्री ऑपरेशन, इतिहास, राजनीति विज्ञान और गृह विज्ञान पूरा हो चुका है।<br>• कोविड़, सतत विकास, स्कूली शिक्षा, मूल्य शिक्षा, भाषा सीखने आदि पर बीस कार्यक्रम फरवरी, 2021 माह में एनआईओएस के सामुदायिक रेडियो स्टेशन के माध्यम से एफएम 91.2 मेगाहर्ट्ज पर रेडियो वाहिनी के नाम से आयोजित किए गए, जो एनआईओएस मुख्यालय 12-15 किमी. सीमा के भीतर स्थानीय समुदाय को पूरा करता है।<br>• कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से निपुण हस्तकला कारीगरों द्‌वारा उद्‌यमिता के साथ भारतीय कढ़ाई पर 7 फरवरी 2021 से यूपी के चंदौली जिले के 100 हस्तशिल्प कारीगरों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। |

| आयोजन | क्रियाकलाप |
|---|---|
| 21.02.2021 को मातृभाषा दिवस। | **केवीएस** - केंद्रीय विद्‌यालयों के 163272 छात्रों ने देश की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों और वेबिनार में भाग लिया। 21 फरवरी 2021 को जेएनवी में मातृभाषा दिवस भी मनाया गया।<br><br>**सीबीएसई** – शिक्षा मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय द्‌वारा संयुक्त रूप से 21.02.2021 से 23.02.2021 तक एक आभासी मोड (वेबिनार) में 'मातृभाषा दिवस' मनाया गया। स्कूल प्रमुखों से उद्‌घाटन समारोह और वेबिनार में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया था। |
| 28 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2020-21 | **जेएनवी** – जेएनवी में 22 फरवरी, 2021 को विश्व चिंतन दिवस मनाया गया और 28 फरवरी 2021 को जेएनवी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। |

| | |
|---|---|
| | **सीबीएसई** - सीबीएसई ने भारतीय भौतिकविद, सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा भारत में रमन प्रभाव के आविष्कार को मनाने के लिए 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (एनएसडी) के उत्सव को बढ़ावा दिया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने छात्रों और देश में जनता के लिए व्याख्यान, प्रदर्शनियों, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उत्सव का समर्थन किया। |

### ग. ई-शासन के कार्यान्वयन की स्थिति

इस विभाग में ई-ऑफिस पूरी तरह से लागू है (संसदीय मामलों, सतर्कता आदि से संबंधित फाइलों को छोड़कर)। सूचना, संचार और लेनदेन का आदान-प्रदान ई-ऑफिस/ ई-मेल के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकारों/ अन्य मंत्रालयों/ स्वायत्त संगठनों के साथ बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाती हैं।